# सेंट मेरीज़ किंडरगार्टन

# मौलाना मोहम्मद अली जौहर रोड, रामपुर (उ.प्र.)

## कृपया ध्यान दें :

नर्सरी पंजीकरण हेतु सीमित सीटें उपलब्ध हैं।¬

ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की वेबसाइट 29 जनवरी, 2026 को खुलेगी।

(वेबसाइट प्रातः 09:00 बजे खुलेगी एवं निर्धारित संख्या में फॉर्म भरते ही स्वतः बंद हो जाएगी।)

ऑनलाइन पंजीकरण हेतु लिंक – (www.smsrampur.com)

पंजीकरण घर से या किसी भी साइबर कैफे से किया जा सकता है।

## फॉर्म भरने के मानदंड : आयु :

वर्ष 2026 में नर्सरी के लिए पंजीकरण चाहने वाले बच्चे की आयु **31 मार्च 2026** तक **3 वर्ष से 4 वर्ष** के बीच होनी चाहिए। यदि बच्चा निर्धारित आयु सीमा में नहीं है, तो वह प्रवेश के लिए पात्र नहीं होगा।

## जन्म प्रमाण पत्र :

नगर निगम द्वारा जारी **मूल जन्म प्रमाण पत्र** के साथ उसकी **फोटोस्टेट प्रति**, जो **श्रेणी 'A' के राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित** हो, इंटरैक्शन के समय जमा करना अनिवार्य है।

मूल जन्म प्रमाण पत्र में **बच्चे का नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम** अंकित होना चाहिए। सत्यापन के पश्चात मूल प्रमाण पत्र तुरंत अभिभावकों को लौटा दिया जाएगा।

## नाम एवं अन्य विवरण :

फॉर्म में बच्चे का नाम, माता-पिता का नाम एवं जन्म तिथि सही-सही भरें।

फॉर्म में भरी गई जन्म तिथि, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि से मेल खानी चाहिए।

सभी नाम **CAPITAL LETTERS** में सही वर्तनी के साथ भरें, क्योंकि यही विवरण सभी कानूनी दस्तावेज़ों एवं CBSE रिकॉर्ड में उपयोग किए जाएंगे।

नर्सरी या उसके बाद किसी भी कक्षा में प्रवेश के पश्चात **नाम अथवा जन्म तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

## फोटोग्राफ :

आवेदक बच्चे का नवीनतम फोटो (आवेदन तिथि से एक माह से अधिक पुराना न हो) निर्धारित स्थान **(Box No. 1)** में अपलोड करें।

परिवार का फोटो (जिसमें माता-पिता एवं आवेदक बच्चा स्पष्ट रूप से दिखाई दें) **(Box No. 2)** में अपलोड करना अनिवार्य है।

## पूर्व-आवश्यकताएँ :

फॉर्म भरने से पूर्व निम्नलिखित सुनिश्चित करें –

आवेदक बच्चे का फोटो (¬**.JPEG, .JPG या .PNG** फॉर्मेट में)।

बच्चे सहित परिवार का फोटो (¬**.JPEG, .JPG या .PNG** फॉर्मेट में)।

फोटो का आकार¬ **1024 KB से अधिक नहीं होना चाहिए।**

अभिभावक का वैध¬ **ई-मेल आईडी** एवं **व्हाट्सएप नंबर**।

Scanned with OKEN Scanner

आवेदक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जिसमें बच्चे का नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम अंकित हो (.JPEG, .JPG, .PNG या .PDF फॉर्मेट में)।

**आधार कार्ड** – बच्चे का आधार कार्ड एवं अभिभावक का आधार कार्ड अनिवार्य है (.JPEG, .JPG, .PNG या .PDF फॉर्मेट में)।

## फॉर्म निरस्तीकरण :

अपूर्ण पंजीकरण फॉर्म अथवा गलत जानकारी वाले फॉर्म स्वतः निरस्त कर दिए जाएंगे।

एक से अधिक बार पंजीकरण करने पर बच्चे का फॉर्म निरस्त कर दिया जाएगा।

संचार हेतु केवल **अभिभावक का मोबाइल नंबर** मान्य होगा। गलत संपर्क विवरण होने पर फॉर्म निरस्त माना जाएगा।

## सावधानी :

विद्यालय प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार का **दान स्वीकार नहीं करता**।

अभिभावक ऐसे किसी भी तृतीय पक्ष से सावधान रहें जो विद्यालय की ओर से प्रवेश दिलाने का दावा कर धन की मांग करते हों।

ऐसे किसी भी लेन-देन की पूरी जिम्मेदारी अभिभावकों की होगी, विद्यालय की नहीं।

## स्वीकृति रसीद (Acknowledgement Receipt) :

ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म सफलतापूर्वक भरकर जमा करने के बाद आपको **स्वीकृति रसीद** प्राप्त होगी।

पूर्ण रूप से भरे हुए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की प्रति **07 फरवरी 2026**, समय **प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक** विद्यालय में जमा करनी होगी।

इंटरैक्शन एवं दस्तावेज़ सत्यापन हेतु विद्यालय के **KG ब्लॉक** में उपस्थित होने के लिए तिथि एवं समय की सूचना **SMS एवं ई-मेल** द्वारा भेजी जाएगी।

## पंजीकरण शुल्क :

फॉर्म भरने के बाद **₹500/-** का भुगतान **ऑनलाइन पेमेंट गेटवे** के माध्यम से करना अनिवार्य है।

इंटरैक्शन के समय स्वीकृति रसीद एवं पंजीकरण शुल्क की रसीद जमा करनी होगी।

जिन अभिभावकों के बच्चे पहले से **संट मेरीज़ स्कूल, रामपुर** में अध्ययनरत हैं, वे इंटरैक्शन के समय पिछले कक्षा की **रिज़ल्ट की फोटोस्टेट प्रति** जमा करें।

ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड किए गए सभी दस्तावेज़ इंटरैक्शन के समय साथ लाना **अनिवार्य** है।

## पूछताछ के संबंध में :

पंजीकरण से संबंधित किसी भी प्रकार की **फोन कॉल स्वीकार नहीं की जाएगी**।

किसी भी समस्या या पूछताछ हेतु केवल दिए गए ई-मेल आईडी पर संपर्क करें –

**itdepartment.stmarys@gmail.com**

संबंधित प्रश्नों का उत्तर **48 घंटे** के भीतर दिया जाएगा।

Manager
St. Mary's Kindergarten
Rampur (U.P.) - 244901

**सेंट मैरीज़ किंडरगार्टन, रामपुर**

Scanned with OKEN Scanner